# उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0

निकट–रेलवे क्रॉसिंग, बद्रीपुर रोड़, जोगीवाला,
देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)
दूरभाष–0135–2974413, ई–मेल– uksugars@gmail.com वैबसाईट– www.uttarakhandsugars.com
**GST No. 05AABFU7713K2Z1**

## उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय की अधीनस्थ सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल सितारगंज में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी की ई–निविदा सूचना

| निविदा सूचना संख्या–794 / कय / 34 / सितारगंज / नीलामी / 2025–26, दिनांक–14 अगस्त, 2025 | तिथि | समय |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र की वेवसाइट **www.uktenders.gov.in &** **www.uttarakhandsugars.com** पर उपलब्धता की तिथि | **14-08-2025** | सायं 06:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | **14-08-2025** | सायं 06:00 बजे से |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **01-09-2025** | सायं 06:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खुलने की तिथि व समय | **02-09-2025** | प्रातः 10:30 बजे |
| वाणिज्यिक निविदा खुलने की तिथि व समय | **02-09-2025** | अपराहन् 03:00 बजे |
| तकनीकी एवं वाणिज्यिक निविदाये खोले जाने का स्थल | उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड<br>निकट–रेलवे क्रॉसिंग, बद्रीपुर रोड़, जोगीवाला, देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड) | |
| सम्पर्क अधिकारी | नाम– श्री विजय कुमार पाण्डेय, प्रबन्धक (उत्तराखण्ड शुगर्स)<br>(मोबाईल नं0) **:- 99360-59299**<br>नाम– श्री मंयक सिंह, कय–खण्ड (उत्तराखण्ड शुगर्स)<br>(मोबाईल नं0) **:- 91493-28329** | |
| ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य | रू0 2,360 / – (दो हजार तीन सौ साठ रूपये मात्र) जीएसटी सहित गैर वापसी योग्य | |
| ई–निविदा हेतु जमा की जाने वाली धरोहर राशि | रू0 35,000 / – (रूपये पैतीस हजार मात्र) | |
| ई–निविदा हेतु धरोहर राशि जमा करने के लिये बैंक खाते का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं धरोहर राशि आर0टी0जी0एस0 / नेफट / नेट बैंकिग / डिमान्ड ड्राफट के द्वारा जमा की जायेगी।<br>**Name of Beneficiary: Uttaranchal Co-operative Sugar Factories Federation Limited, Dehradun**<br>**Bank Account No.: 1843010100019499**<br>**IFSC Code No.: PUNB0469500**<br>**Name of Bank Branch : Punjab National Bank SGVS Subhash Road Dehradun** | |

उत्तराखण्ड शुगर्स

2023 INDIA

# उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0

निकट रेलवे क्रॉसिंग, बद्रीपुर रोड़, जोगीवाला,
देहरादून–248001 (उत्तराखण्ड)
दूरभाष–0135–2974413, ई–मेल– uksugars@gmail.com वैबसाईट– www.uttarakhandsugars.com
**GST No. 05AABFU7713K2Z1**

पत्रांक–794 / क्रय / 34 / सितारगंज / नीलामी / 2025–26, दिनांक–14 अगस्त, 2025

## उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय की अधीनस्थ सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल सितारगंज में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी की ई–निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 में प्रदत्त प्राविधानों तथा प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी के पत्रांक–5623 / 23–3, दिनांक–09.04.2025 के द्वारा किसान सहकारी चीनी मिल लि0, सितारगंज (ऊधमसिंह नगर) में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी की दी गयी अनुमति के क्रम में विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी हेतु ऑनलाईन ई–निविदा आंमत्रित की जाती है।

ई–निविदा दस्तावेज ई–निविदा पोर्टल् **https://uktenders.gov.in** एवं उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय की वेबसाइट **www.uttarakhandsugars.com** से दिनांक–14 अगस्त, 2025 की सांय 06:00 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है, निविदादाताओं को निविदा शुल्क (गैर वापसी योग्य) रू0 2,360.00 (जीएसटी सहित) एवं धरोहर धनराशि रू0 35,000.00 (रू0 पैतीस हजार मात्र) उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड, देहरादून के पक्ष में ऑनलाईन / आफलाईन के रूप में देय होगा। बिना ई–निविदा फीस एवं धरोहर धनराशि के किसी भी निविदादाता की निविदायें स्वीकार्य नहीं की जायेगी। बैंक विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

किसान सहकारी चीनी मिल लि0, सितारगंज (ऊधमसिंह नगर) में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी की ई–निविदा दिनांक–01 सितम्बर, 2025 की सांय 06:00 बजे तक अपलोड की जानी होगी तथा तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक–02 सितम्बर, 2025 की पूर्वान्ह 10:30 बजे एवं अपरान्ह् 03:00 बजे खोली जायेगी। उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय बिना कोई कारण बताये किसी भी या सभी ई–निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल **www.uktenders.gov.in** & **www.uttarakhandsugars.com** पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइटों को पढ़ते रहें।

प्रबन्ध निदेशक

## उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय की अधीनस्थ सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल सितारगंज में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी हेतु शर्ते/निर्देश

01. निविदा प्रपत्र का मूल्य – रू0 2,360.00 (जीएसटी सहित) (गैर वापसी योग्य)
02. धरोहर धनराशि – रू0 35,000.00 (रू0 पैतीस हजार मात्र)

वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 में प्रदत्त प्राविधानों तथा प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी के पत्रांक–5623/23–3, दिनांक–09.04.2025 के द्वारा किसान सहकारी चीनी मिल लि0, सितारगंज (ऊधमसिंह नगर) में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी की दी गयी अनुमति के क्रम में विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलाम हेतु शर्ते/निर्देश निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैः–

1– नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक क्रेता/अधिकृत प्रतिनिधि को अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र की छाया–प्रतियां प्रस्तुत करनी अनिवार्य होंगी, अन्यथा उसे नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।

2– सबसे अधिक दरें देने वाले क्रेता के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जायेगी, किन्तु प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड का अन्तिम निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित होगा।

3– विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी में प्रतिभागी क्रेता को व्यापार/आयकर, जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा, जिसकी प्रतियां अपलोड की जानी होगी। साथ ही क्रेता को अपना पूरा पता, मोबाइल संख्या, ई–मेल आई0डी0 अनिवार्य रूप से देनी होगी।

4– नीलामी की बिक्री सामान्यतः उच्चतम दरों के आधार पर होती है, परन्तु किसी भी बोली को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड के पास सुरक्षित है।

5– यद्यपि पेड़ों के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण विक्रय सूची में अंकित है तथापि क्रेता को चाहिये कि वह निविदा में प्रतिभाग करने से पूर्व पेड़ों को भली भांति देख लेवे गुण दशा के सम्बन्ध में सन्तुष्ट हो लेवे निविदा में प्रतिभाग करने के उपरान्त पेड़ों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में क्रेता का कोई प्रत्यावेदन स्वीकार/मान्य नहीं होगा।

6– नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त उच्चतम दरें देने वाले क्रेता द्वारा जमानत हेतु उच्चतम कार्यादेश की वैल्यू का 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि (देय जी0एस0टी0 आदि एवं अन्य कर सहित) का भुगतान कार्यादेश निर्गत की तिथि को अथवा विलम्बतम् 01 कार्य दिवस के भीतर ऑनलाईन/ आफलाईन के माध्यम से दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, सितारगंज (ऊधम सिंह नगर) में जमा किया जाना आवश्यक होगा, जिसका समायोजन अंतिम निकासी में किया जायेगा।

**Name of Beneficiary:The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd, Sitarganj (U.S. Nagar)**
**Bank Account No.: 507010100016834**
**IFSC Code No.: UTIB0000507**
**Name of Bank Branch : Axis Bank Ltd, Pandri**

7– क्रेता द्वारा समयान्तर्गत अग्रिम जमानत धनराशि जमा न किये जाने पर सम्बन्धित क्रेता का कार्यादेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर क्रेता को काली सूची में दर्ज करते हुये वन विभाग को भी पत्राचार किया जाएगा तथा तद्नुसार प्रतिबंधित किया जाएगा।

8– बिक्री का अनुमोदन विभागीय सक्षम अधिकारी द्वारा किया जायेगा, जिसकी सूचना विभाग द्वारा क्रेता द्वारा दिये गये पते/ई–मेल आई0डी0 पर दी जाएगी। डाक में विलम्ब की जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी।

9– पेड़ों का विक्रय मूल्य, व्यापार कर, जी0एस0टी0, आयकर, मंडी शुल्क, स्टाम्प शुल्क आदि देय कर दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, सितारगंज (ऊधम सिंह नगर) के निम्नवत् बैंक विवरण में ऑनलाईन/आफलाईन के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

**Name of Beneficiary: The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd, Sitarganj (U.S. Nagar)**
**Bank Account No.: 507010100016834**
**IFSC Code No.: UTIB0000507**
**Name of Bank Branch : Axis Bank Ltd, Pandri**

10– क्रेता को पेड़ों का सम्पूर्ण विक्रय मूल्य, व्यापार कर, जी0एस0टी0, आयकर, मण्डी शुल्क (शासन द्वारा निर्धारित दरों पर) आदि देयक कार्यादेश जारी होने के 07 दिन के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा।

11– बिन्दु संख्या–06 पेड़ों के देयक को जमा नहीं करने पर क्रेता की जमानत जब्त कर ली जायेगी तथा पेड़ों की बिक्री स्वतः समाप्त हो जाएगी, उसके उपरान्त पेड़ों का निस्तारण करने के लिये उत्तराखण्ड शुगर्स मुख्यालय स्वतन्त्र होगा।

12– कार्यादेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर क्रेता को पेड़ों की निकासी अनिवार्य रूप से करनी होगी। अन्यथा की दशा में पेड़ों के विरूद्व जमा समस्त धनराशि उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड के पक्ष में स्वतः जब्त मानी जायेगी एवं पेड़ों की वन उपज पर उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड का स्वामित्व हो जाएगा, जिस पर क्रेता का कोई मानदेय मान्य नहीं होगा, ऐसे पेड़ों की बिक्री/निस्तारण हेतु उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड स्वतंत्र होगा।

13– बिक्री किये वनोपज की निकासी लेने में अपरिहार्य परिस्थिति में हुये किसी प्रकार के व्यवधान जिसके लिये क्रेता उत्तरदायी न हो के सम्बन्ध में तिथि विस्तारित किये जाने का निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड का होगा।

14– इन शर्तो के क्रियान्वयन सम्बन्धी विवादों में प्रशासक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड आर्बिट्रेटर होंगे, जिनका निर्णय अन्तिम व दोनों पक्षों को मान्य होगा।

15– उक्त सम्बन्धी किसी भी शर्त/नियम को प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड द्वारा आवश्यकतानुसार संशोधित/अतिक्रमित/निष्प्रभावी, परिवर्तित किया जा सकेगा।

16– नीलामी/पातन स्थल पर किसी प्रकार के आग्नेयास्त्र लाना पूर्णतया वर्जित है।

17– पेड़ों के कटान का कार्य प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 08:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक होगा।

18– क्रेता द्वारा क्रय किये गये पेड़ों को कटान/उठान अपने श्रमिकों, वाहनों एवं अपने कार्य/व्यय पर करना होगा।

19– चीनी मिल के गेटपास पर निकासी हेतु अधिकृत पेड़ों के अतिरिक्त अन्य कोई पेड़ क्रेता अथवा उसके कर्मचारी/अधिकृत प्रतिनिधि/या वाहन द्वारा ले जाता पाया गया तो क्रेता की अगली निकासी रोक दी जायेगी तथा क्रेता द्वारा जमा कराई गई धरोहर धनराशि, जमानत धनराशि एवं अन्य जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा भविष्य के लिये यथाप्रक्रिया ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा।

20– कारखाना अधिनियम तथा अन्य लागू श्रम व विधि प्राविधानों का पालन क्रेता तथा क्रेता कर्मचारियों/अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा। यदि किसी नियम/कानून का उल्लंघन करने से चीनी मिल को कोई हानि/क्षति होती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का उत्तरदायित्व क्रेता का होगा।

21– ई–निविदा में बेसिक दर समस्त कर अतिरिक्त निर्धारित की गयी है, इससे कम दर की ई–निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

22– पेड़ों के कटान/उठान हेतु सभी टूल, गैस, लोडिंग एवं परिवहन इत्यादि की व्यवस्था स्वंय क्रेता को करनी होगी।

23– पेड़ों की निकासी केवल क्रेता अथवा अधिकृत प्रतिनिधि को ही दी जायेगी।

24– कार्य के दौरान यदि क्रेता के किसी मजदूर के साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का समस्त दायित्व क्रेता का होगा।

25– पेड़ों के कटान/उठान के वक्त किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर क्रेता की फर्म को काली सूची में डालकर समस्त धरोहर धनराशि, जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

26– संघ कार्यालय द्वारा समस्त पत्राचार एवं देयक संबंधी अभिलेखीय प्रमाण केवल क्रेता के अधिकृत पते/ई–मेल पर किया जायेगा।

27– सफल निविदादाता को पेड़ों के पातन/उठान से पूर्व वन विभाग से सहमति प्राप्त किया जाना होगा, इसके उपरान्त ही पातन/उठान कराया जायेगा।

**उपरोक्त क्रमांक–01 से 27 तक उल्लिखित समस्त नियम एण्ड शर्ते मुझे स्वीकार्य है।**

हस्ताक्षर क्रेता

क्रेता का नाम

पूरा पता

मोबाईल नं0

ई–मेल आई0डी0

# चीनी मिल सितारगंज में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी का विवरण

| कम सं0 | प्रजाति | संख्या | व्यास वर्ग | दर प्रति वृक्ष | कुल मूल्य (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | यू0के0 लिप्टिस (हरा खड़ा) | 9 | 5-10 | 70.00 | 630.00 |
| | | 51 | 10-15 | 578.00 | 29,478.00 |
| | | 78 | 15-20 | 1,353.00 | 1,05,534.00 |
| | | 118 | 20-25 | 2,569.00 | 3,03,142.00 |
| | | 95 | 25-30 | 2,944.00 | 2,79,680.00 |
| | | 64 | 30-35 | 6,680.00 | 4,27,520.00 |
| | | 45 | 35 से ऊपर | 9,589.00 | 4,31,505.00 |
| योग | | **460** | | | **15,77,489.00** |
| 2 | पापुलर (हरा खड़ा) | 14 | 20-30 | 3,218.00 | 45,052.00 |
| | | 4 | 30-40 | 7,427.00 | 29,708.00 |
| | | 2 | 40-50 | 10,726.00 | 21,452.00 |
| | | 2 | 50-60 | 16,458.00 | 32,916.00 |
| योग | | **22** | | | **1,29,128.00** |
| कुल योग | | **482** | | | **17,06,617.00** |

# <u>तकनीकी विवरण</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1 | केता का नाम | ——————————————————— |
| 2 | पूरा पता | ——————————————————— |
| | | ——————————————————— |
| | | ——————————————————— |
| 3 | सम्पर्क व्यक्ति का नाम | ——————————————————— |
| 4 | मोबाईल नं0 | ——————————————————— |
| 5 | ई–मेल आई0डी0 | ——————————————————— |
| 6 | निविदा प्रपत्र हस्ताक्षर/प्रस्तुत करने हेतु केता द्वारा जारी अधिकार पत्र | ——————————————————— |
| 7 | केता के विरूद्ध किसी प्रकार का अपराधिक मुकदमा किसी भी न्यायालय/पोलिस स्टेशन में पंजीकृत नहीं है रू 100/– के स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र (अपलोड करे तथा मूल प्रति कार्यालय में जमा करें) | |
| 8 | केता का व्यापार/आयकर पंजीकरण संख्या (छाया प्रति अपलोड करे) | ——————————————————— |
| 9 | जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या (छाया प्रति अपलोड करे) | ——————————————————— |
| 10 | केता का आयकर पैन संख्या (छाया प्रति अपलोड करे) | ——————————————————— |
| 12 | तकनीकी निविदा के साथ जमा किये गये निविदा प्रपत्र के मूल्य एवं धरोहर राशि के छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। | |

हस्ताक्षर केता
केता/फर्म की मोहर

# वाणिज्यिक निविदा

Validate Print Help **Item Wise BoQ**

**Tender Inviting Authority:** UTTARAKHAND SAHKARI CHINI MILLS SANGH LTD. (UTTARAKHAND SUGARS)

**Name of Work:** COMPETITIVE e-Bidding TENDER FOR SALES OF TREES FOR THE KISAN SAHKARI CHINI MILLS SANGH LTD, SITARGANJ

**Contract No:** 794/PUR/34/Sitarganj/2025-26 Dt. 14-08-2025

| | |
|---|---|
| **Name of the Bidder/ Bidding Firm / Company :** | |

**PRICE SCHEDULE**

(DOMESTIC TENDERS - RATES ARE TO GIVEN IN RUPEES (INR) ONLY)

(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevant columns, else the bidder is liable to be rejected for this tender. Bidders are allowed to enter the Bidder Name and Values only)

| NUMBER # | TEXT # | TEXT # | NUMBER | NUMBER # | NUMBER # | TEXT # |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Item Description | Units | Estimated Rate in Rs. P | RATE (All charges extra) Rs. P. | TOTAL AMOUNT Without Taxes Rs. P | TOTAL AMOUNT In Words |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 13 | 15 |
| 1 | वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 में प्रदत्त प्राविधानों तथा प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी के पत्रांक–5623/23–3, दिनांक–09.04.2025 के द्वारा किसान सहकारी चीनी मिल लि0, सितारगंज (ऊधमसिंह नगर) में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों की नीलामी की दी गयी अनुमति के कम में चीनी मिल सितारगंज में उपलब्ध विभिन्न प्रजाति के पेड़ों कमशः 460 वृक्ष यू0के0 लिप्टिस एवं 22 वृक्ष पापुलर अर्थात् कुल 482 वृक्षों की नीलामी की एकमुश्त दरें (अन्य कर अतिरिक्त)<br>पेड़ों से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। | एक मुश्त/ लमसम | 17,06,617.00 | | - | INR Zero Only |
| **Total in Figures** | | | | | 0.00 | INR Zero Only |
| **Quoted Rate in Words** | | INR Zero Only | | | | |